Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **झुंझुनूं में पुलिस थाना मुकुन्दगढ़ का हैड कानिस्टेबल 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *13 जुलाई, शनिवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की सीकर इकाई द्वारा आज झुंझुनूं में कार्यवाही करते हुये **संदीप कुमार जाट हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना मुकुन्दगढ़, जिला झुंझुनूं** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में मदद करने की एवज में आरोपी संदीप कुमार जाट हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना मुकुन्दगढ़, जिला झुंझुनूं द्वारा **28 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की सीकर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री रविन्द्र सिंह शेखावत** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री सुरेश चंद** द्वारा मय टीम के झुंझुनूं में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी संदीप कुमार जाट हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना मुकुन्दगढ़, जिला झुंझुनूं को परिवादी से **10 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी हैड कानिस्टेबल रिश्वत राशि लेने के लिये परिवादी के निवास पर ही पहुँच गया, जहाँ पर ए.सी.बी. टीम द्वारा पकड़ा गया।

एसीबी जयपुर की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**